# जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय,

# कोटा

# राष्ट्रीय सेवा योजना

प्रतिवेदन

2021—2022

(श्रीमती अनीता मालव)

प्रभारी, राष्ट्रीय सेवा योजना

जा.दे.ब.राज.कन्या महाविद्यालय, कोटा

( डॉ अनिता कोठारी )

प्राचार्य एवं संरक्षक

जा.दे.ब.राज.कन्या महाविद्यालय, कोटा

# नियमित गतिविधियॉ

## जून 2021

### 1. सातवां अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस दिनांक 21.06.2021

राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा सातवां अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस मनाया गया । इसके अर्न्तगत "योग एट होम योग फोर वेलनेस" थीम पर सभी संकाय सदस्यों व छात्राओं ने घर पर योग किया । छात्राओं ने बडे जोश के साथ योग किया व विभिन्न योग मुद्राओं ,आसनों का प्रदर्शन किया । कोरोना काल में भी छात्राओं का उत्साह कम नहीं हुआ। इस अवसर पर "करो योग रहो निरोग" विषय पर निबंध प्रतियोगिता रखी गई । निबन्ध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पलवी ,द्वितीय स्थान पर सृष्ठि वर्मा तथा तृतीय स्थान पर मंगलेश्वरी हाडा रहीं । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनीता कोठारी द्वारा अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस की शुभकामनाएं दी गई । उन्होने व्हाटसअप के माध्यम से संदेश दिया कि लोगों में कोरोना काल में मानसिक अवसाद बढा है ऐसे में नियमित योग व प्राणायाम करना लाभकारी होता है।हमें अपने जीवन में योग व अनुशासन को शामिल करना चाहिए तभी हम अपने लक्ष्य को प्राप्त कर सकते हैं।






8:10 PM ··· 4G 46

Jannayak, 22-06-202...
readwhere.com

3/8

संगठन की ओर से बोरखेड़ा क्षेत्र में रखें योग कार्यक्रम में योग साधकों ने योगिक क्रियाएं की। मोर्चा के जिलाध्यक्ष साहिल मिर्जा ने बताया कि कोरोना काल में लोगों में मानसिक अवसाद बढ़ा है ऐसे में नियमित योग व प्राणायाम करना लाभकारी होता है। इस अवसर पर अल्पसंख्यक मोर्चा के पूर्व बूंदी प्रभारी आसिफ मिर्जा, जावेद खान, सलमान खान सहित कई कार्यकर्ता मौजूद रहे।

**जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय**




'योग एट होम योग फॉर वैलनेस' थीम पर सभी संकाय सदस्यों-छात्राओं ने घर पर योग किया।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा करो योग रहो निरोग विषय पर निबंध प्रतियोगिता रखी गई। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने शुभकामनाएं दी।

**जेडीबी साइंस कॉलेज :** जेडीबी साइंस कॉलेज में योग दिवस मनाया गया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने बताया कि योग एट होम योग फॉर वैलनेस थीम पर सभी संकाय सदस्यों व छात्राओं ने घर पर योग किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना द्वारा करो योग रहो निरोग विषय पर निबंध प्रतियोगिता रखी।

## 2. साइकोसोशल स्किल्स ऑफ गुड हेल्पर विषय पर एक दिवसीय आनलाइन वर्कशाप का आयोजन दिनांक 28.06.2021

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में महात्मा गांधी नेशनल कांन्सिल आफ रूरल एजुकेशन , मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से साइकोसोशल स्किल्स ऑफ गुड हेल्पर विषय पर एक दिवसीय आनलाइन वर्कशाप का आयोजन किया गया । इसमें मुख्य वक्ता श्रीमती कृतिका पूनिया थीं जिन्होने बताया कि कोविड–19 के द्वौरान हम कैसे टीम बनाकर लोगों को सहायता पहूँचा सकते है । जैसे कहॉ पर कोविड–19 वैक्सिन लगाई जा रही है किस अस्पताल में आई सी यू व वैन्टिलेटर की सुविधा है ,कौन से एन.जी.ओं. फूड सप्लाई कर रहे है इसकी पुख्ता जानकारी लोगों तक पहूँचाना , कोविड–19 मरीजों से कैसे बातचीत की जानी चाहिए इत्यादि । रिसोर्स पर्सन श्रीमती कृतिका पूनिया द्वारा छात्राओं से परस्पर संवाद किया गया और उनसे जाना कि कोविड–19 के दौरान उन्होने कैसे अपने परिवार व दोस्तों को कोविड–19 वैक्सिन लगवाने के लिए जागरूक किया । इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनिता कोठारी द्वारा बताया गया कि कोविड –19 महामारी के समय हमें पोजिटिव एटीटयूड रखना चाहिये और लोगों तक सही जानकारी पहूँचानी चाहिए । हमें अधिक से अधिक लोगों की मदद करनी चाहिए कार्यक्रम के अन्त में सहआचार्य वनस्पतिशास्त्र डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव व एन.एस.एस. प्रभारी श्रीमती अनिता मालव द्वारा मुख्य वक्ता का आभार प्रकट किया गया ।






ऑनलाइन वर्कशॉप

दिनांक-29-06-21

## सकारात्मक सोच रखें, मदद करें

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कोटा. जेडीबी कन्या महाविद्यालय में महात्मा गांधी नेशनल काउंसिल ऑफ रूरल एजुकेशन, मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से साइकोसोशल स्किल्स ऑफ गुड हैल्पर विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया।

इसमें मुख्य वक्ता कृतिका पूनिया ने बताया कि कोविड-19 के दौरान हम कैसे टीम बनाकर लोगों को सहायता पहुंचा सकते हैं। कहां पर कोविड वैक्सीन लगाई जा रही है। किस अस्पताल में आईसीयू व वेंटिलेटर की सुविधा है। कौन से एनजीओ फूड सप्लाई कर रहे हैं। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य अनिता कोठारी ने बताया कि कोविड महामारी के समय हमें सकारात्मक सोच रखनी चाहिए, जिससे हम समय पर सही जानकारी पहुंचा सकें।



दैनिक नवज्योति Kota City - 29 Ju

## साइकोसोशल स्किल्स ऑफ गुड हेल्प विषयक सेमिनार आयोजित

नवज्योति/कोटा।

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में महात्मा गांधी नेशनल काउंसिल ऑफ रूरल एजुकेशन मानव संसाधन विकास मंत्रालय के सहयोग से साइकोसोशल स्किल्स ऑफ गुड हेल्प विषय पर एक दिवसीय ऑनलाइन वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें मुख्य वक्ता कृतिका पूनिया थी । उन्होंने बताया कि कोविड.19 के दौरान हम कैसे टीम बनाकर लोगों को सहायता पहुंचा सकते है जैसे कहा परकोविड.19 वैक्सीन लगाई जा रही है । किस अस्पताल में आईसीयू व वेंटिलेटर की सुविधा ह। कौन से एनजीओ फूड सप्लाई कर रहे हैं । उसकी पुख्ता जानकारी लोगों तक पहुंचाना। रिसोर्स पर्सन श्रीमती कृतिका पूनिया ने छात्राओं से परस्पर संवाद किया गया और उनसे जाना की कोविड.19 के दौरान कैसे उन्होंने अपने परिवार व दोस्तों को वैक्सीन लगवाने के लिए जागरूक किया। इस अवसर पर महाविद्यालय प्राचार्य श्रीमती अनिता कोठारी ने बताया कि कोविड.19 महामारी के समय हमें पॉजिटिव एटीट्यूड रखना चाहिए और लोगों तक सही जानकारी पहुंचानी चाहिए। हमें अधिक से अधिक लोगों की मदद करनी चाहिए। अंत में सह आचार्य वनस्पति शास्त्र डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव व एनएसएस प्रभारी अनीता मालव ने मुख्य वक्ता का आभार प्रकट किया ।

## जुलाई 2021

### 3.रजिस्ट्रेशन

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में संचालित राष्ट्रीय **सेवा** योजना की इकाई में 100 स्वयंसेविकाओं का ऑनलाइन पंजीकरण किया गया ।

### 4.वृक्षारोपण कार्यक्रम "हरितराजस्थानसप्ताह" 30 जुलाई 2021

जानकीदेवीबजाजराजकीय कन्यामहाविद्यालय में आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा,राजस्थान , जयपुर के पत्रक्रमांक प.9 (कलेण्डर) एन.एस.एस./ अकाद / निकाशि/2007/160 दिनांक 14.07.2021 के अनुसार "हरितराजस्थानसप्ताह"का आयोजन किया गया। इसके अन्तर्गतराष्ट्रीय सेवा योजना के द्वारा महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण किया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनिता कोठारी व संकाय सदस्यों ने वृक्षारोपण किया जिसमें नीम, गुलमोहर, शीशम, शहतूत ,गुडहल, करंज व अशोक के पौधे लगाये गये व प्राचार्य द्वारा सभी संकाय सदस्यों को पौधों की सुरक्षा व विकास सुनिश्चित किये जाने की शपथ दिलाई गई । इस अवसर पर राष्ट्रीय सेवा योजना व एन.सी.सी की छात्राओं को पौधे वितरित किये ।







**जेडीबी कॉलेज परिसर में किया पौधारोपण**

**संदेश न्यूज। कोटा.** जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में हरित राजस्थान सप्ताह के अन्तर्गत राष्ट्रीय सेवा योजना, एनसीसी, स्काउट गाइड व वाईडीसी के संयुक्त तत्वावधान में महाविद्यालय परिसर में पौधारोपण किया गया । महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी व संकाय सदस्यों ने पौधारोपण किया। प्राचार्य द्वारा सभी संकाय सदस्यों को पौधों की सुरक्षा व विकास सुनिश्चित किए जाने की शपथ दिलाई गई।

## 5. विश्व जनसंख्या दिवस 11 जुलाई 2021

दिनांक 11 जुलाई 2021 को विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में ‘‘जनसंख्या शिक्षण एवं जनसंख्या नियंत्रण’’ पर छात्राओं की ऑनलाइन निबंध प्रतियोगिता का आयोजन करवाया गया ।

## 6. सलाहाकार समिति बैठक 2 अगस्त 2021

**महाविद्यालय में एन.एस.एस. की वर्षपर्यन्त चलने वाली गतिविधियों के सुचारू रूप से संचालन हेतु दिनांक 02.08.2021 को प्राचार्य व अध्यक्ष डॉ अनिता कोठारी की अध्यक्षता में सलाहाकार समिति की बैठक का आयोजन किया गया जिसमें श्री रघुराज परिहार, सहायक निदेशक, क्षेत्रिय कार्यालय, कोटा, डॉ विवेक मिश्रा,एनएसएस समन्वयक कोटा, राजस्थान राज्य स्काउट गाईड के मण्डल महासचिव श्री यज्ञदत्त हाडा , डीन श्रीमती मधु खन्ना, कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनीता मालव सुश्री अंजली मीणा पूर्व स्वयंसेविका – सदस्य उपस्थित रहे । बैठक में सत्र 2021–2022 में आयोजित होने वाली गतिविधियों पर चर्चा की गई।**






## 7 वृक्षारोपण कार्यक्रम “महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण” 15 अगस्त 2021

सचिवालय के पत्रांक एफ.1 ;17द्ध आर.बी./2020/3483 दिनांक 5.8.2021 तथा विश्वविद्यालय कोटा के पत्रांक एफ–156 यू.ओके /2020–2021 /4031 दिनांक 11.8.2021 के क्रम में 15 अगस्त 2021 को महाविद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया । जिसमें विभिन्न प्रजातियों के 40 पौधे लगाये गये तथा महाविद्यालय प्राचार्य डॉ अनिता कोठारी द्वारा उपस्थित संकाय सदस्यों तथा छात्राओं को लगाये गये पौधों की सुरक्षा व देखभाल की जिम्मेदारी सुनिश्चित करने की शपथ दिलाई ।




## 8. “सदभावना सप्ताह” 8दिनांक 20 अगस्त 2021 से 26 अगस्त 2021

राष्ट्रपिता महात्मा गांधीजी के 150 वीं जयन्ती वर्ष एवं स्वतन्त्रता दिवस की 75 वी ंवर्षगांठ के आयोजन के सम्बन्ध मेंआयुक्तालय के पत्र क्रमांक एफ–8 सा.प्रौ. अकाद/आकाशि/2018/78 के संदर्भ में 20 अगस्त 2021 से 26 अगस्त 2021 तक सदभावना सप्ताह का आयोजन किया गया जिसमें नशामुक्ति विषय पर पोस्टर प्रतियोगिता, एकल गान ,गांधी भजन प्रतियोगितायें आयोजित की गई ।

पोस्टर प्रतियोगिता में अंजली सोयल प्रथम ,पूजा मीणा द्वितीय तथा माहीन परवीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । एकल गान प्रतियोगिता में अनुष्का द्विवेदी ने प्रथम माहीन परवीन द्वितीय तथा लक्ष्मी मीणा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया  गांधी भजन प्रतियोगिता में भारती बैरागी ने प्रथम तथा पूजा राठौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया ।




## 9. “सत्याग्रह सप्ताह” दिनांक 11 से 17 सितम्बर 2021


राष्ट्रपिता महात्मागांधीजी के 150 वीं जयन्ती वर्ष एव ंस्वतन्त्रता दिवस की 75 वींवर्षगांठ के आयोजन के सम्बन्ध में आयुक्तालय के पत्र क्रमांक एफ–8 सा.प्रौ. अकाद/आकाशि/2018/78 के संदर्भ में 11 से 17 सितम्बर 2021 सत्याग्रह सप्ताह का आयोजन किया गया। जिसमें गांधीजी ग्राम स्वराज्य एव सपनों का भारत विषय पर निबन्ध व चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई निबन्ध प्रतियोगिता में पलवी कुमारी ने प्रथम व पूजा राठौर ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया  चित्रकला प्रतियोगिता में अन्तिमा वर्मा ने प्रथम दीपिका साहू ने द्वितीय तथा पलवी कुमारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया ।






## 10. एन.एस.एस. दिवस 24 सितम्बर 2021

दिनांक 24 सितम्बर 2021 को एन.एस.एस. दिवस मनाया गया । इस अवसर पर एन.एस.एस. के इतिहास, संकल्पना ,उददेश्य व कियान्वयन विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई




Name-Deepshikha Suman Bsc 2nd year (Maths)
Father Name- Sitaram Suman

PAGE NO.
DATE: / /

निबंध – राष्ट्रीय सेवा योजना एवं उद्देश्य

प्रस्तावना :- राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) भारत सरकार के युवा और खेल मंत्रालय की एक केन्द्रीय क्षेत्र की योजना है जिसे औपचारिक रूप से 24 सितम्बर, 1969 को शुरू किया गया यह ग्यारहवीं और बारहवीं कक्षा के छात्रों और स्कूलों के छात्रों युवाओं को अवसर प्रदान करता है। राष्ट्रीय सेवा योजना भारत सरकार के युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा गतिविधियों एवं कार्यक्रमों में भाग लेने के लिए अवसर प्रदान करना है चाहे वह +2 बोर्ड स्तर का छात्र हो, तकनीकी संस्थान, ग्रेजुएट और पोस्ट ग्रेजुएट या विश्वविद्यालय का छात्र हो।

एनएसएस के उद्देश्य :
1. जिस समुदाय मे काम कर रहे हैं उसे समझना।
2. समुदाय की समस्याओं को जानना और उन्हें हल करने के लिए उनको शामिल करना।
3. सामाजिक और नागरिक जिम्मेदारी की भावना का विकास करना।
4. समूह स्तर पर जिम्मेदारियों को बांटने के लिए आवश्यक क्षमता का विकास करना
5. आपातकाल और प्राकृतिक आपदाओं से निपटने के लिए उनको विकसित करना।
6. राष्ट्रीय एकता और सामाजिक समरसता का अभ्यास करना
7. नेतृत्व गुणों और लोकतांत्रिक दृष्टिकोण को प्राप्त करना।
8. सामुदायिक भागीदारी को जुटाने के कौशल को प्राप्त करना



PAGE NO.
DATE: / /

विचारधारा – राष्ट्रीय सेवा योजना का आदर्श वाक्य या दृष्टिकोण यह है कि 'मुझे नहीं बल्कि आप'। यह लोकतांत्रिक जीवन के सार को दर्शाता है और निःस्वार्थ सेवा की आवश्यकता को बनाए रखता है और दूसरे व्यक्ति के दृष्टिकोण की सराहना करता है और साथी मनुष्यों के लिए विचार दिखाने के लिए भी।

राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS) राष्ट्रीय की युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रीय कार्यक्रम है- इसके गतिविधियों मे भाग लेने वाले विद्यार्थी समाज के लोगों के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते हैं। साक्षरता सम्बन्धी कार्य व्यक्तिगत सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं सफाई आपातकालीन या प्राकृतिक आपदा के समय पीड़ित लोगों की सहायता आदि। विद्यार्थी जीवन में ही समाजुपयोगी कार्यों मे रत रहने से, उनमें समाज सेवा या राष्ट्र सेवा के गुणों का विकास होता है।

उपसंहार– एनएसएस का एक मात्र उद्देश्य युवा छात्रों को सामुदायिक सेवा के माध्यम से अपने व्यक्तित्व को विकसित करने के लिए अनुभव प्रदान करना है। राष्ट्रीय सेवा योजना यानि एनएसएस राष्ट्र युवाशक्ति के व्यक्तित्व विकास हेतु युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय भारत सरकार द्वारा संचालित एक सक्रिय कार्यक्रम है इसकी गतिविधियों में भाग लेने वाले विद्यार्थी समाज के लोगो के साथ मिलकर समाज के हित के कार्य करते हैं।... एनएसएस का आदर्श वाक्य है-


'मैं नहीं, बल्कि आप'।

## 11. स्वैच्छिक रक्तदान शिविर दिनांक 02.10.2021

दिनांक 2.10.2021 को गांधी जयन्ती एवं आजादी के अमृत महोत्सव के उपलक्ष में जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, राजकीय कला कन्या महाविद्यालय , राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय कोटा की एन.एस.एस. की छ इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन

किया गया । रक्तदान शिविर के मुख्यअतिथि कॉलेज शिक्षा ,कोटा संभाग के सहायक निदेशक डॉ रधुराज परिहार और विशिष्ट अतिथि कॉलेज शिक्षा कोटा संभाग के पूर्व सहायक निदेशक डॉ के. एम.गवेन्द्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला सम्न्वयक डॉ विवके मिश्र रहे शिविर में तीनों महाविद्यालयों की छात्राओं और संकाय सदस्यों ने उत्साह पूर्वक भाग लिया एवं रक्तदान किया । इस अवसर पर जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय ,कोटा की कार्यवाहक प्राचार्य डॉ मधु खन्ना राजकीय कला कन्या महाविद्यालय कोटा की प्राचार्य डॉ अरूणा कौशिक व राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय कोटा की प्राचार्य डॉ कंचना सक्सेना ने छात्राओं की रक्तदान महादान के महत्व से परिचित करवाया और उन्हें रक्तदान हेतु प्रोत्साहित किया ।



3 october Dainik Bhasker

▪ जेडीबी के तीनों कॉलेजों में रक्तदान शिविर, औषधीय पादप वितरण एवं गांधी जी के जीवन और दर्शन पर व्याख्यान का आयोजन किया। मुख्य अतिथि कॉलेज शिक्षा सहायक निदेशक डॉ. रघुराज परिहार, विशिष्ट अतिथि कॉलेज शिक्षा कोटा संभाग के पूर्व सहायक निदेशक डॉ. केएम गवेंद्रा एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ विवेक मिश्रा रहे।



## जेडीबी कॉलेज में औषधि पौधों का रोपण

जेडीबी के तीनों कॉलेजों के गांधी अध्ययन केंद्र व एनएसएस की छह इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि कॉलेज शिक्षा के सहायक निदेशक डॉ. रघुराज परिहार, विशिष्ट अतिथि डॉ. केएम गवेंद्रा व राष्ट्रीय सेवा योजना के जिला समन्वयक डॉ. विवेक मिश्रा रहे। उसके बाद गांधीजी जीवन और दर्शन एक विमर्श विषय पर व्याख्यान हुआ। राजकीय कला कन्या महाविद्यालय की पर्यावरण समिति, एनएसएस की तीनों इकाइयों, एनसीसी एयर विंग व आर्मी विंग के सहयोग से महाविद्यालय परिसर में वन विभाग द्वारा अश्वगंधा, कालमेघ, तुलसी व गिलोय का रोपण किया।

3october Patrika

## 12. समाज कल्याण सप्ताह दिनांक1 अक्टूबर 2021 से 7 अक्टूबर 2021 तक

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग राजस्थान सरकार के पत्रांक 10;28द्ध प्रचार/सन्याअवि/2021/41275 दिनांक 22/09/2021एवं कार्यालय सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा परिक्षेत्र कोटा के पत्र क्रमांक सनिको/2021/141 दिनांक 1/10/2021 के आदेश की अनुपालन में जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा की एन.एस.एस.,एन.सी.सी. तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग छात्रवृति समिति के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 1 अक्टूबर 2021 से 7 अक्टूबर 2021 तक समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन किया गया। सप्ताह के अंतर्गत अंर्तराष्ट्रीय वृद्वजन दिवस के उपलक्ष में श्री करणी नगर विकास समिति श्रृद्वा परिसर वृद्वा आश्रम कोटा में छात्राओं के वृद्वजन व्यक्तियों को कोरोना वायरस के प्रति जागरूक किया तथा मास्क वितरित किए गए।अनुसूचित जातियों का कल्याण दिवस के उपलक्ष में श्री मीणा बालिका छात्रावास में जाकर एन.एस.एस. तथा एन.सी.सी. की छात्राओं द्वारा स्वच्छ भारत अभियान के तहत परिसर के बाहर सफाई की गई । अपराधी सुधार दिवस के अंतर्गत छात्राओं को महिला कारागार ले जाया गया । महिला एवं बालिका कल्याण दिवस के अंतर्गत डॉ खुशबू मीणा, सहायक अचार्य स्त्री रोग विशेषज्ञ जे.के.लोन हॉस्पिटल ने छात्राओं को महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं तथा उनके निदान के बारे में जानकारी दी । जनचेतना दिवस पर नशा मुक्ति विषय पर छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम से फिल्म दिखाई गई । दिनांक 7 अक्टूबर को प्राचार्य डॉ अनिता कोठारी द्वारा समाज कल्याण सप्ताह का समापन किया गया तथा छात्राओं ले अपने अनुभव प्रस्तुत किये । कार्यक्रम का सफल बनाने में एन.एस.एस. प्रभारी श्रीमती अनीता मालव, एन.सी.सी. प्रभारी प्रीति बैरवा तथा सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग छात्रवृति समिति प्रभारी डॉ जागृति मीणा का पूर्ण सहयोग रहा ।





















दैनिक नवज्योति Kota City - 09 Oct 2021 -

है। ट्रेकमैनों को सेफ्टी शूज, विन्टर रूप से मौजूद रहें।

## समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन

नवज्योति/कोटा

जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय में समाज कल्याण सप्ताह का आयोजन किया गया। सप्ताह के अंतर्गत अंतरराष्ट्रीय वृद्धजन दिवस के उपलक्ष में करणी नगर विकास समिति श्रद्धा परिसर वृद्धा आश्रम कोटा में वृद्धजन व्यक्ति यों को कोरोनावायरस के प्रति जागरूक किया तथा मास्क वितरित किए गए। अनुसूचित जातियों का कल्याण दिवस के उपलक्ष में मीणा बालिका छात्रावास में जाकर एनएसएस तथा एनसीसी की छात्राओं ने स्वच्छ भारत अभियान के तहत परिसर के बाहर सफाई रें करीअपराधी सुधार दिवस के अंतर्गत छात्राओं को महिला कारागार ले जाया गया। महिला एवं बालिका कल्याण दिवस के अंतर्गत डॉ खुशबू मीणा ने छात्राओं को महिलाओं के स्वास्थ्य से संबंधित समस्याओं तथा उनके निदान के बारे में जानकारी दी। जनचेतना दिवस पर नशा मुक्ति विषय पर छात्राओं को ऑनलाइन माध्यम से फिल्म दिखाई गई। प्राचार्य डॉ अनिता कोठारी द्वारा समाज कल्याण सप्ताह का समापन समारोह किया गया। संपूर्ण कार्यक्रम को सफल बनाने में अनीता मालव, प्रीति बैरवा तथा डॉक्टर जागृति मीणा का संपूर्ण योगदान रहा।

13. स्वच्छ भारत का महाअभियान 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक

आजादी के अमृतमहोत्सव के अंतर्गत युवाकार्यक्रम एवं खेलमंत्रालय के निर्देषानुसार 1 अक्टूबर से 31 अक्टूबर तक चलाए जा रहे स्वच्छ भारत महाअभियान के तहत, जिला प्रशासन एवं नेहरू युवा केन्द्र, कोटा के तत्वावधान में जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय की राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाई द्वारा सिंगल युज प्लास्टिक एकत्रित की गई। एकत्रित सिंगल युज प्लास्टिक को नेहरू युवा केन्द्र, कोटा में जमा करवाई गई।प्लास्टिक को एकत्र करने में एनएसएस स्वयंसेवकों व संकाय सदस्यों का पूर्ण सहयोग रहा। इस तरह के कार्यक्रम छात्राओं व आमजन में प्लास्टिक की उपयोगिता को कम करने हेतुजागरूककरने के उद्देश्य से करवाए जा रहे है।नेहरू युवाकेन्द्र के प्रभारी श्री महेन्द्र सिंह सिसोदिया जी ने बताया की एकत्रित सिंगल युज प्लास्टिक का निस्तारण नगर निगम के द्वाराकियाजायेगा। यह कार्यक्रम स्वच्छ भारत मिशन के तहत किया गयाहै।नेहरू युवाकेन्द्र के द्वारा राजकीय कला महाविद्यालय कोटा में एक कार्यक्रम के तहत सर्टिफिकेट प्रदान किए गए हैं।





कॉलेजों में सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के विरुद्ध चलाया अभियान

जेडीबी साइंस कॉलेज में सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित करते हुए।

कोटा | गवर्नमेंट आर्ट्स कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना कि चारों इकाइयों की ओर से सिंगल यूज्ड प्लास्टिक के विरुद्ध अभियान आयोजित किया। कार्यक्रम अधिकारी डॉ. राम अवतार मेघवाल, डॉ. चंचल गर्ग, डॉ. फखुनिशा, डॉ. रसीला के संयोजन में सिंगल यूज प्लास्टिक स्वयंसेवकों ने 105 किलो सिंगल यूज्ड प्लास्टिक एकत्रित किया। डॉ. एलसी अग्रवाल, डॉ. प्रीति नागौरा स्काउट रोवर की ओर से 30 किलो सिंगल यूज्ड प्लास्टिक एकत्रित किया। प्रिंसिपल डॉ संजय भार्गव ने इस मौके पर कहा कि सिंगल यूज्ड प्लास्टिक का प्रयोग हमें नहीं करना चाहिए। यह कार्यक्रम युवा मंत्रालय एवं खेलकूद विभाग भारत सरकार की ओर से 31अक्टूबर तक चलाया जा रहा है। इस अभियान को सफल बनाने में गजेन्द्र नागर, अबरार अहमद, सौरभ सोनी, विकास मीना आदि की सक्रिय भूमिका रही। वहीं, जेडीबी साइंस कॉलेज की एनएसएस इकाई की ओर से सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित की गई।






### 14. मतदाता पंजीकरण हेतु तीन दिवसीय (23.11.2021 से 25.11.2021 तक) शिविर का आयोजन

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में जिला निर्वाचन अधिकारी कोटा द्वारा मतदाता पंजीकरण हेतु तीन दिवसीय (23.11.2021 से 25.11.2021 तक) शिविर का आगाज हुआ। प्रथम दिन शिविर में छात्राओं को Voter Helpline App डाउनलोड करवाकर चरणबद्ध प्रक्रिया से अवगत करवाया तथा मतदाता जागरूकता के लिये प्रोत्साहित किया। इस कार्यक्रम में महाविद्यालय की स्वीप प्रभारी डॉ. जयश्री डावरे एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती अनीता मालव ने छात्राओं को मोबाईल पर Voter Helpline App डाउनलोड करवाने में मदद कर उनका सहयोग किया।



### 15. अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस

दिनांक 25 नवम्बर 2021 को राष्ट्रीय सेवा योजना व महिला प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय महिला हिंसा उन्मूलन दिवस मनाया गया इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ विनीता कौशिक द्वारा महिला हिंसा उन्मूलन पर अपना विशेष व्याख्यान प्रस्तुत किया उन्होंने बताया कि महिलाएँ अपनी बेटियों को सशक्त बनायें एवं महिला हिंसा का पूर्ण विरोध करें । कार्यक्रम में आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया व छात्राओं न अपने अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतियोगिता में सुश्री सैयद अक्या बी.एस.सी. द्वितीय वर्ष ने प्रथम स्थान, तानिया कुमारी ने द्वितीय स्थान एवं बी.एस.सी. तृतीय वर्ष की नव्या भंडारी ने तृतीय स्थान प्राप्त किया । डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव ने आशु भाषण प्रतिभागियों के विषय एवं अभिव्यक्ति पक्ष पर विशेष सारगर्भित वक्तव्य दिया । कार्यवाहक प्राचार्य डॉ मधु खन्ना ने छात्राओं की भाषण शैली की सराहना की ।







## 16. संविधान दिवस

दिनांक 26.11.2021 को संविधान दिवस पर जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय,कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना ,साहित्यिकसांस्कृतिकसमिति तथा एन.सी.सी.के संयुक्ततत्वावधान में"डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं भारतीय अर्थव्यवस्था" विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन जयपुर द्वारा जिला एवं राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में कुल 24 छात्राओं ने दिये गये लिंक पर रजिस्ट्रेशन के पश्चात् निबन्ध लेखन में भाग लिया।

महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य श्रीमती मधु खन्ना द्वारा सभी संकाय सदस्यों एवं छात्राओं की उपस्थिति में संविधान दिवस की शपथ दिलवाई गई।प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. विनीता कौशिक, श्रीमती अनिता मालव, सुश्री प्रीति बैरवा ने प्रतियोगिता का संचालन किया तथा डॉ. सरस्वती अग्रवाल एवं श्रीमती रचना भार्गव प्रतियोगिता के वीक्षक रहे।






दैनिक भास्कर कोटा 27-11-2021



• जेडीबी साइंस कॉलेज में साहित्यिक सांस्कृतिक समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एनसीसी द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं भारतीय अर्थव्यवस्था विषय पर निबंध प्रतियोगिता की। कार्यवाहक प्रिंसिपल मधु खन्ना ने संकाय सदस्यों, छात्राओं को संविधान दिवस की शपथ दिलवाई गई। प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. विनीता कौशिक, अनिता मालव, प्रीति बैरवा ने प्रतियोगिता का संचालन किया।

17. राष्ट्रीय मतदाता दिवस दिनांक 25.01.2022

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में आज दिनांक 25.01.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना, ईएलसी क्लब के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय मतदाता दिवस का आयोजन किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने इस अवसर पर छात्राओं को अपने उदबोधन में निर्भिक, निष्पक्ष होकर मतदान करने हेतु प्रेरित किया और बताया कि भारत लोकतांत्रिक देश है जहां हर 18 साल के प्रत्येक युवा को मतदान करने का अधिकार प्राप्त है और जिम्मेदार नागरिक होने के कारण मतदान आवश्यक रूप से करना चाहिये ताकि हम देश के लिये सही प्रतिनिधित्व का चयन कर सकें। इस अवसर पर प्रश्नोतरी प्रतियोगिता आयोजित करवाई गई। प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम स्थान बी.एस.सी. पार्ट प्रथम की छात्रा सुश्री सिद्धि जैन ने, द्वितीय स्थान सुश्री महक ने प्राप्त किया। इसी प्रकार तृतीय स्थान बी.एस.सी. पार्ट तृतीय की छात्रा सुश्री पल्लवी ने प्राप्त किया। विजेता छात्राओं को महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने पुरस्कृत किया और समस्त संकाय सदस्यों एवं कार्यक्रम में भाग लेने वाली छात्राओं को प्राचार्य द्वारा मतदान शपथ दिलवाई। कार्यक्रम का संचालन राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्रीमती अनीता मालव एवं श्री विकास जांगिड ने किया।






## 18. सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन 6 फरवरी 2022

6 फरवरी 2022 जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में स्काउट गाइड, राष्ट्रीय योजना व युवा विकास केन्द्र के तत्वावधान में सड़क सुरक्षा रैली का आयोजन किया गया।रैली का शुभारंभ महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। रैली के अंतर्गत छात्राओं ने विभिन्न तरह के नारे लगाकर लोगों को जागरूक किया। छात्राओं ने लोगों को हेलमेट पहनने के लिए समझाइश की। इस अवसर पर डॉ. मधु खन्ना व डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव द्वारा छात्राओं को सड़क सुरक्षा नियमों के बारे में जानकारी दी गई एवं वाहन चलाते समय स्वयं की सुरक्षा के महत्व को भी समझाया गया। इस कार्यक्रम में सड़क सुरक्षा व स्काउटगाइड प्रभारी डॉ. मौसमी मीणा, युवा विकास केंद्र प्रभारी डॉ. मनीषा शर्मा, डॉ. अल्पना जौहरी एवं राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती अनीता मालव उपस्थित रही।






## 19. 3 दिवसीय मल्टीमीडिया प्रदर्शनी 15–17 फरवरी 2022

क्षेत्रीय लोक सम्पर्क ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय भारत सरकार कोटा , द्वारा आजादी का अमृत महोत्सव पर 3 दिवसीय मल्टी मीडिया प्रदर्शनी, क्विज प्रतियोगिता, जनचेतना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन दिनांक 15–17 फरवरी को किया गया । प्रदर्शनी का शुभारंभ उमरावमल पुरोहित सभागार , पश्चिम मध्य रेल्वे कोटा जंक्शन में दिनांक 15 फरवरी 2022 को किया गया। महाविद्यालय से एन.एस.एस., एन.सी.सी.व स्काउट की लगभग 32 छात्राए, एन.एस.एस. प्रभारी श्रीमती अनीता मालव, एन.सी.सी. प्रभारी, सुश्री प्रीति बैरवा , स्काउट प्रभारी डॉ मौसमी मीणा सम्मिलित हुई । छात्राओं ने प्रदर्शनी के माध्यम से राज्य एवं केन्द्र सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी प्राप्त की व क्विज प्रतियोगिता में भाग लिया व पुरस्कार प्राप्त किए ।






## 20. अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस दिनांक 8 मार्च 2022

दिनांक 8 मार्च 2022 को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में महिला प्रकोष्ठ, साहित्यिक सांस्कृतिक मंच, राष्ट्रीय सेवा योजना, सैनिटरी हाइजीन समिति एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक वार्ता का आयोजन किया गया । इस वार्ता में स्त्री स्वास्थ्य पर आयुर्वेदाचार्य डाक्टर मेघना शेखावत ने स्त्री स्वास्थ्य समस्याओं एवं उनके समाधान पर एक वार्ता प्रस्तुत की । पीपीटी के माध्यम से उन्होंने छात्राओं को बहुत ही रोचक ढंग से ज्ञानवर्धक सामग्री प्रस्तुत की एवं उनके प्रश्नों के उत्तर भी देकर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान किया । इस अवसर पर जेसीआई के सौजन्य से एनजीओ की अध्यक्षा श्रीमती सुप्रिया मंडलोई के द्वारा सैनिटरी नैपकिन का निशुल्क वितरण छात्राओं को किया गया । राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती अनिता मालव ने सत्र की प्रतियोगिता विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया । डा सरस्वती अग्रवाल ने खेलकूद में महिलाओं का योगदान विषय पर व्याख्यान दिया जिसमे उन्होंने खेलों के द्वारा स्वस्थ रहने के गुर बताए ।

प्राचार्य डॉ अनिता कोठरी ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और अपने उद्बोधन में उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु उत्साहवर्धन किया। साहित्यिक सांस्कृतिक मंच, महिला प्रकोष्ठ तथा सैनिटरी हाइजीन समिति की प्रभारी डॉ संगीता सिंह ने छात्राओं को महिला दिवस पर प्रेरणास्पद उद्बोधन दिया तथा अंत में डॉ मेघना शेखावत सहित अतिथियों जे सी आई की अध्यक्ष श्रीमती सुप्रिया मंडलोई, सभी समिति सदस्यों, प्राचार्य महोदया, छात्राओं आदि सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ रेखा कालानी, डॉ स्मृति जौहरी, डॉ विकास जांगिड़ तथा अन्य वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे।









# जेडीबी कॉलेज के विभिन्न विभागों द्वारा महिला दिवस पर वार्ता आयोजित

## रोचक तरीके से छात्राओं का ज्ञानवर्धन किया

**कोटा ब्यूरो न्यूज**

कोटा 9 मार्च। अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष में जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में महिला प्रकोष्ठ, साहित्यिक सांस्कृतिक मंच, राष्ट्रीय सेवा योजना, सैनिटरी हाइजीन समिति एवं खेल विभाग के संयुक्त तत्वावधान में एक वार्ता का आयोजन किया गया। इस वार्ता में स्त्री स्वास्थ्य पर आयुर्वेदाचार्य डाक्टर मेघना शेखावत ने स्त्री स्वास्थ्य समस्याओं एवं उनके समाधान पर एक वार्ता प्रस्तुत की। पीपीटी के माध्यम से उन्होंने छात्राओं को बहुत ही रोचक ढंग से ज्ञानवर्धक सामग्री प्रस्तुत की एवं उनके प्रश्नों के उत्तर भी देकर स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का निदान किया। इस अवसर पर जेसीआई के सौजन्य से एन जी ओ की अध्यक्षा श्रीमती सुप्रिया मंडलोई के द्वारा सैनिटरी नैपकिन का निशुल्क वितरण छात्राओं को किया गया। राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती अनिता मालव ने सत्र की प्रतियोगिता विजेता छात्राओं को पुरस्कृत किया। डा सरस्वती अग्रवाल ने खेलकूद में महिलाओं का योगदान विषय पर व्याख्यान दिया जिसमे उन्होंने खेलों के द्वारा स्वस्थ रहने के गुर बताए। प्राचार्य डॉ अनिता कोठरी ने विजेता छात्राओं को बधाई दी और अपने उद्बोधन में उनके उज्ज्वल भविष्य हेतु उत्साहवर्धन किया। साहित्यिक सांस्कृतिक मंच, महिला प्रकोष्ठ तथा सैनिटरी हाइजीन समिति की प्रभारी डॉ संगीता सिंह ने छात्राओं को महिला दिवस पर प्रेरणास्पद उद्बोधन दिया तथा अंत में डॉ मेघना शेखावत सहित अतिथियों जे सी आई की अध्यक्ष श्रीमती सुप्रिया मंडलोई, सभी समिति सदस्यों, प्राचार्य महोदया, छात्राओं आदि सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर डॉ रेखा कालानी,स्मृति जौहरी, डॉ विकास जांगिड़ तथा अन्य वरिष्ठ शिक्षक उपस्थित रहे।

## 21. आजादी के अमृत महोत्सव में दांडी यात्रा निकाली गई दिनांक 12 मार्च 2022

आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में दिनांक 12.3.2022 को शहीद स्मारक से बारहद्वारी तक दांडी यात्रा का आयोजन किया गया । जिसमें शहर के प्रबुद्व नागरिक एवं कॉलेज छात्र – छात्राओं सहित अधिकारियों द्वारा भाग लिया गया । यात्रा को खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री पंकज मेहता तथा जिला कलेक्टर श्रीमान हरिमोहन मीना ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । जिला स्तरीय यात्रा शहीद स्मारक से शुरू होकर जा.दे.ब.राजकीय महाविद्यालय से होते हुए बड तीराहे से बारहद्वारी तक आयोजित की गई । यात्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयं सेवक ,स्काउट और एन.सी.सी. के कैडट हाथ में दांडी यात्रा का संदेश देती तख्तियॉ लिये हुए चल रहे थे। यात्रा शुरू होने से पहले शहीद स्मारक पर अतिथियों द्वारा शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों का स्मरण किया । खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष श्री पंकज मेहता ने कहा कि राष्ट्पिता महात्मा गांधी द्वारा शान्ति, सदभाव को समर्पित यह यात्रा अंग्रेजों के विरूद्व किये गये संधर्ष का प्रतीक थी । श्रीमान कलेक्टर ने कहा कि दांडी यात्रा आजादी के आन्दोलन और अपने अधिकारों के लिए अहिंसक तरीके से किये गये संधर्ष का प्रतीक है । गांधी वादी विचारक नरेश विजयवर्गीय ,सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा डॉ रधुराज परिहार ,एन.एस.एस.के जिला समन्व्यक डॉ विवके कुमार मिश्र , एस.डी. एम. कोटा दीपक मित्तल, स्काउट गाइड के यज्ञदत्त हाडा, महाविद्यालय के एन.एस.एस. प्रभारी श्रीमती अनीता मालव , डॉ विकास जांगिड, स्काउट प्रभारी डॉ मौसमी मीणा ,एन.सी.सी. प्रभारी सुश्री प्रीती बैरवा उपस्थित रहे।








शदीद स्मारक से बारहदरी तक विद्यार्थियों व नागरिकों ने लिया भाग

**आजादी के अमृत महोत्सव में हुआ दांडी यात्रा का आयोजन**



शहीद स्मारक से बारहदरी तक विद्यार्थियों व लोगों ने लिया भाग

# आजादी के अमृत महोत्सव में निकाली दांडी यात्रा

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

कोटा. आजादी के अमृत महोत्सव कार्यक्रमों की श्रृंखला में शनिवार को शहीद स्मारक से बारहदरी तक जिला स्तरीय दांडी यात्रा निकाली गई। इसमें शहर के प्रबुद्ध लोग, कॉलेज विद्यार्थी व अधिकारियों ने भाग लिया। यात्रा को खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष पंकज मेहता, जिला कलक्टर हरि मोहन मीना ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया।

यात्रा शहीद स्मारक से शुरू होकर जेडीबी कॉलेज के सामने से होते हुए बड़ के चौराहा से बारहदरी तक आयोजित की गई। नैतिक अनुशासन के साथ यात्रा में राष्ट्रीय सेवा योजना, स्काउट व एनसीसी के कैडेट हाथ में दांडी यात्रा का संदेश देती तख्तियां लिए हुए चल रहे थे। यात्रा शुरू होने से पहले अतिथियों ने शहीद स्मारक पर पुष्प अर्पित कर शहीदों के योगदान का स्मरण किया। खादी बोर्ड के उपाध्यक्ष ने युवाओं का आह्वान किया कि दांडी यात्रा को स्मृति में रख आने वाली जीवन यात्रा की मुश्किलों को हल करने में मदद लें। जिला कलक्टर ने युवाओं को स्वतन्त्रता आन्दोलन के शहीदों के योगदान को याद रखकर गांधीजी के सिद्धांतों को जीवन में अपनाने का आह्वान किया। गांधीवादी विचारक नरेश विजयवर्गीय ने कहा कि इस पदयात्रा से नई पीढ़ी जीवन में सद्भावना, समभाव व स्वतंत्रता संग्राम के मूल्य को आत्मसात करेगी। सहायक निदेशक कॉलेज शिक्षा डॉ. रघुराज परिहार ने कहा कि यह यात्रा स्वतंत्रता आंदोलन में स्वराज के मूल्य को विकसित करने की यात्रा थी। यात्रा संयोजक कॉलेज एनएसएस प्रभारी डॉ. विवेक कुमार मिश्र ने आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर एसडीएम दीपक मित्तल, यज्ञदत्त हाड़ा, महाविद्यालय व्याख्याता उपस्थित रहे।

टेंडरिंग के बाद होगा आवागमन चालू

22. सलाहाकार समिति समीक्षा बैठक दिनांक 19. मार्च 2022

महाविद्यालय में एन.एस.एस. की वर्षपर्यन्त चलन वाली गतिविधियों की समीक्षा हेतु दिनांक 19.03.2021 कोप्राचार्य व अध्यक्ष डॉअनिताकोठारी की अध्यक्षता में सलाहाकार समिति की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया जिसमें डॉ, रधुराज परिहार सहायक निदेशक, क्षेत्रिय कार्यालय, कोटा, राष्ट्रीय सेवा योजना जिला समन्वयक डॉ. विवेक मिश्र राजस्थान राज्य स्काउट गाईड के मण्डल महासचिव श्री यज्ञदत्त हाड़ा , डीन श्रीमती डॉ प्रतिमा श्रीवास्तव, कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनीता मालव उपस्थित रहे ।



## 23. शहीद दिवस 23 मार्च 2022

आजादी के अमृत महोत्सव की श्रृंखला में शहीदभगत सिंह, सुखदेव एवं राजगुरू के बलिदान दिवस पर जे. डी.बी. कॉलेज में जिला स्तरीय सेमिनार जिला कलेक्टर ;कार्यवाहक द्ध राजकुमार सिंह के मुख्य अतिथ्य एवं कॉलेज प्राचार्य डॉ अनीता कोठारी की अध्यक्षता में किया ।

जिला कलेक्टर ;कार्यवाहकद्ध राजकुमार सिंह ने कहा कि देश की आजादी में सर्वोच्च बलिदान देने वाले महापुरूषों का जीवन एवं उनके विचार हमेशा देश के युवाओं को प्रेरित करते रहेंगे । अध्यक्षता करते हुए प्राचार्य डॉ अनीता कोठारी ने कहा कि व्यक्ति विचारों के द्वारा हमेशा जीवित रहता है । देश के स्वतंत्रता सैनानी आज भी हमारे बीच विचारों के माध्यम से प्रेरणा दे रहे हैं।उन्होंने कहा कि वर्तमान में युवाओं को उनके जीवन व संधर्ष से सीख लेते हुए देश में व्याप्त कुप्रथा, भेदभाव , असमानता से मिलकर लडना होगा । मुख्य वक्ता सेवानिवृत प्राचार्य हुकुमचंद जैन ने कहा कि स्वतंत्रता सैनानियों एवं देश के प्रतिसर्वोच्च न्यौछावर करने वाले महापुरूषों की जीवनी हमेशा मार्गदर्शन देती है । उन्होंने कहा कि शहीद भगत सिंह ,सुखदेव एवं राजगुरू ने युवा अवस्था में जिस निडरता के साथ देश की स्वतंत्रता की अलख जगाई ,वह अनुकरणीय है। अहिंसा प्रकोष्ठ सहसंयोजक संदीप दीवाकर ने कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव तभी कारगर है। प्रकोष्ठ के सदस्य नरेश विजयवर्गीय ने महात्मागांधी एवं शहीदभगतसिंह के स्वतंत्रता आंदोलन में योगदान एवं विचारों के बारे में विस्तार से जानकारीदी । सेमिनार को कॉलेज शिक्षा सहायक निदेशक रधुराज परिहार ,प्रो. विवेक मिश्रा, प्रो. सुमन शर्मा एछात्रा पूजा गोचर , सैयद अक्सा जावेद, अंजली मीणा ने भी संबोधित किया । प्रो. प्रतिमा श्रीवास्तव ने धन्यवाद ज्ञापित किया ।

## 24. महाविद्यालय में पर्यावरण संरक्षण दिवस का आयोजन 25 मार्च 2022

**जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा मे दिनांक 25.03.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना के तत्वावधान में''सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री कैम्पस आधारित'' थीम पर पर्यावरण संरक्षण दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने स्वयंसेविकाओं को सिंगल यूज प्लास्टिक से होने वाले हानिकारक प्रभावों की जानकारी दी एवं महाविद्यालय में सिंगल प्लास्टिक यूज को उपयोग न करने के लिये प्रोत्साहित किया। ग्रीन ऑडिट कमेटी प्रभारी डॉ. अल्पना जौहरी ने सिंगल यूज प्लास्टिक पर व्याख्यान प्रस्तुत किया। इस अवसर पर स्वयंसेविकाओं ने सिंगल यूज प्लास्टिक फ्री कैम्पस पर एक रैली का आयोजन किया तथा महाविद्यालय से सिंगल यूज प्लास्टिक एकत्रित कर नगर निगम कोटा को निस्तारित करने हेतु भिजवाया। इस अवसर पर वरिष्ठ संकाय सदस्य डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव तथा ग्रीन ऑडिट प्रभारी डॉ. अल्पना जौहरी, कमेटी के सदस्य डॉ. मौसमी मीणा, श्रीमती अनीता मालव, सुश्री प्रीती बैरवा उपस्थित रहीं। राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी श्री विकास जांगिड ने सभी का आभार एवं धन्यवाद ज्ञापित किया।**







# एक दिवसीय कैम्प

## 1. मतदाता सूची में शत–प्रतिशत पंजीकरण करवाने हेतु राष्ट्रीय सेवा योजना एवं स्वीप प्रकोष्ठ द्वारा एक दिवसीय कैम्प का आयोजन

दिनांक 24.11.2021 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय, कोटा में स्वीप प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम–2022 के अन्तर्गत एक दिवसीय वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कैम्प का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री रवीन्द्र श्रीवास्तव, सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप), कोटा ने छात्राओं को मोबाइल पर वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करवाया एवं इस ऐप की सहायता से मतदाता सूची में पंजीकरण करने का क्रमबद्व तरीका सीखाया। उन्होंने बताया कि इस ऐप की सहायता से हम हिन्तुस्तान के किसी भी कोने में रहते हुए अपना पंजीकरण करवा सकते है तथा मतदान सम्बन्धी अपनी शिकायत भी दर्ज करवा सकते है। चुनाव के बाद परिणाम की जानकारी प्राप्त कर सकते हैं। कैम्प के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया जिसमें सुश्री अनुष्का जैन प्रथम स्थान पर, दिव्या पाण्डेय द्वितीय स्थान तथा सुश्री पूजा राठौड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ई.एल.सी. क्लब सदस्यों डॉ जागृति मीणा, डॉ मौसमी मीणा व सुश्री प्रिती बैरवा और मतदान कैम्पस ऐम्बेसेडर सुश्री नव्या भण्डारी ने छात्राओं को मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करने में सहायता की ताकि वे सिखकर अपने परिवार और आस–पास के लोगो को भी सिखाएं और जागरूक करें । महाविद्यालय की कार्यवाहक प्राचार्य श्रीमती मधु खन्ना ने विजयी छात्राओं को पुरस्कृत कर उनका मनोबल बढाया और समझाया कि मतदान लोकतांत्रिक प्रक्रिया का आधार स्तम्भ है और सभी को अपने मताधिकार का उपयोग कर इसे सफल बनाना चाहिए । स्वीप प्रकोष्ठ प्रभारी डॉ जयश्री डावरे व एन.एस.एस. प्रभारी श्रीमती अनिता मालव ने ने 18 वर्ष पूर्ण कर चुकी सभी छात्राओं को मतदाता सूची में अपना पंजीकरण करवाने एवं मतदाता जागरूकता की अलख जगाने के लिए प्रेरित किया। कैम्प में समस्त छात्राओं को शत–प्रतिशत मतदान की शपथ दिलवाई गई।









मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम–2022 के तहत कोटा जिले में किया गया नवाचार

नवमतदाताओं को जोड़ने के लिए छात्राओं ने लिया संकल्प



# छात्राओं ने लिया नवमतदाताओं को जोड़ने का संकल्प

जननायक संवाददाता

कोटा। जानकी देवी बजाज कन्या महाविद्यालय कोटा की छात्राएं पाँच हजार नवमतदाताओं को मतदाता सूची पुनरीक्षण कार्यक्रम-2022 के तहत वोटर हैल्प लाईन एप्स से जोड़ने का कार्य करेंगी।

छात्राओं ने स्वीप प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में एक दिवसीय वोटर हैल्प लाइन एप डाउनलोड कैम्प के दौरान यह शपथ ली। स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी रविन्द्र श्रीवास्तव ने आयोजित कार्यक्रम के दौरान छात्राओं ने एप्स डाउनलोड करने की प्रक्रिया को समझा एवं अपने रिश्तेदारों, परिचितों, पड़ोसियों एवं कच्ची बस्ती में रहने वाले ऐसे बालक-बालिकाओं जिनकी 1 जनवरी, 2022 को आयु 18 वर्ष की होने वाली है, उनके नाम जोड़ने का संकल्प लिया।

जेडीबी गर्ल्स कॉलेज में एप्स डाउनलोड करने की प्रक्रिया की जानकारी देते रविन्द्र श्रीवास्तव।

## नुक्कड़ नाटक के माध्यम से दिया जायेगा संदेश

किर्तांशम् दी ग्रुप ऑफ सोशल अवेयरनेस संस्थान की ओर से जानकी देवी कन्या बजाज महाविद्यालय कोटा में शत-प्रतिशत नवमतदाताओं के पंजीयन हेतु जागरूकता कार्यक्रमों के तहत 'हम हुए 18 के' शीर्षक से नुक्कड़ नाटक का मंचन कर संदेश दिया जायेगा।



# जेडीबी में मतदाता सूची में शत-प्रतिशत पंजीकरण शपथ ली

**संदेश न्यूज। कोटा.** जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में स्वीप प्रकोष्ठ एवं राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2022 के अन्तर्गत एक दिवसीय वोटर हेल्पलाइन एप डाउनलोड कैम्प का आयोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सहायक नोडल अधिकारी (स्वीप) रविंद्र श्रीवास्तव ने छात्राओं को मोबाइल पर वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करवाया एवं इस ऐप की सहायता से मतदाता सूची में पंजीकरण करने का क्रमबद्ध तरीका सीखाया। कैम्प के दौरान राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा नारा प्रतियोगिता का आयोजन किया, जिसमें अनुष्का जैन प्रथम स्थान पर, दिव्या पाण्डेय द्वितीय स्थान तथा पूजा राठौड़ ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। ई.एल.सी. क्लब सदस्यों डॉ. जागृति मीणा, डॉ. मौसमी मीणा व प्रिती बैरवा और मतदान कैम्पस ऐम्बेसेडर नव्या भण्डारी ने छात्राओं को मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन ऐप डाउनलोड करने में सहायता की।

**2. "सेवा, श्रम व समर्पण" पर राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का आयोजन**

जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में दिनांक 31.01.2022 को राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के एक दिवसीय शिविर का **आयोजन किया गया।** महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने इस अवसर पर सभी स्वयंसेविकाओं को अध्ययन के साथ–साथ पर्यावरण स्वच्छता, कोरोना काल के दौरान सजगता, जल व विद्युत का संरक्षण तथा कमजोर वर्गों की सदैव सहायता करने के लिये प्रोत्साहित किया। शिविर के दौरान स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय में युवा विकास केन्द्र, ज्ञानकेन्द्र, विज्ञान भवन, प्रशासनिक भवन, राष्ट्रीय सेवा योजना कक्ष इत्यादि स्थलों पर साफ–सफाई व स्वच्छता का कार्य किया और टूटे पौधों को सहारा एवं पौधों को पानी देने का कार्य किया। कार्यक्रम का संचालन प्रथम इकाई की कार्यक्रम अधिकारी श्रीमती अनीता मालव, सहायक आचार्य ने किया। शिविर के अन्त में, द्वितीय इकाई कार्यक्रम अधिकारी श्री विकास जांगिड ने सभी का आभार व धन्यवाद ज्ञापित किया।





### 3. “बेटी बचाओ बेटी पढाओ” पर एक दिवसीय कैम्प दिनांक 28 फरवरी 2022

दिनांक 28 फरवरी 2022 को महाविद्यालय की दोनो राष्ट्रीय सेवा योजना की इकाईयों द्वारा श्बेटी बचाओ बेटी पढाओश पर एक दिवसीय कैम्प का आयोजन किया गया । कैम्प में एन.एस.एस. स्वयंसेविकाओं ने बेटी बचाओ बेटी पढाओ विषय पर अपने अपने विचार रखे। इस अवसर पर डॉ मनीषा शर्मा सह आचार्य प्राणिशास्त्र ने बताया कि जब बेटियॉ पढेंगी– लिखेगी तो वो अपने अधिकारों के लिए खडी होंगी व जागरूक बनेंगी ।किसी भी देश के विकास के लिए पुरूष व  महिला का समान रूप से योगदान रहना जरूरी है ।इस अवसर का छात्राओं द्वारा रैली निकाली गई । पोस्टर प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्राओं ने बढ चढकर भाग लिया ।










## सात दिवसीय विशेष शिविर का आयोजन दिनांक 07.01.2022 दिनांक 13.01.2022 तक

**दिनांक 07.01.2022** को जानकी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में सात दिवसीय विशेष शिविर का शुभारम्भ सरस्वती पूजन एवं वंदना के साथ किया गया।कार्यक्रम की अध्यक्षता महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने की।उन्होंने अपने अध्यक्षीय उद्बोधन में छात्राओं को राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से सामुदायिक सेवा में भाग लेकर आगे बढ़ने की प्रेरणा दी।कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राजकीय कला महाविद्यालय कोटा के प्राचार्य डॉ. संजय भार्गव रहे। उन्होंने स्वयंसेविकाओं को समय की प्रतिबद्धता हेतु प्रेरित किया एवं बताया कि बेटियां हर क्षेत्र में बड़ा परिवर्तन ला रही हैं।राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से वे सामाजिक सरोकारों से जुड़कर देश की सेवा कर सकती हैं।कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि श्री यज्ञदत्तहाड़ा ने स्वयंसेविकाओं को प्रेरित किया कि वे लोगों को अच्छी स्वास्थ्य आदतें अपनाने के लिये प्रेरित करें।कार्यक्रम का संचालन करते हुए उद्घाटन सत्र में श्रीमती अनीता मालव ने सात दिवसीय कार्यक्रम की संक्षिप्त रूपरेखा प्रस्तुत की।कार्यक्रम के तीसरे सत्र में योग एवं श्रमदान करवाया गया तथा चतुर्थ सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया।कार्यक्रम में कोरोना गाईड लाईन का पूर्णतः पालन कियागया।

**दिनांक 08–01–2022** शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं को योग एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया।दूसरे सत्र में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय के आस–पास के क्षेत्र में साफ–सफाई कर श्रमदान किया।तीसरे सत्र में कोरोना जागरुकता रैली का आयोजन किया जिसे महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनीता कोठारी ने हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनो इकाइयों की स्वयंसेविकाओं ने आकाशवाणी कॉलोनी, सरस्वती कॉलोनी एवं बारां रोड से होकर कोरोना जागरुकता का संदेश आम नागरिकों को दिया। इस दौरान बिना मास्क मिलने वाले नागरिकों को मास्क देकर जागरूक किया।चौथे सत्र में विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

**दिनांक 09.01.2022** को प्रथम सत्र में योग एवं ध्यान का अभ्यास करवाया गया।स्वयंसेविकाओं द्वारा महाविद्यालय परिसर की सफाई की गई।कच्ची बस्ती में स्वच्छता सर्वे किया गया।

**दिनांक 10.01.2022** को प्रथम सत्र में योग एवं ध्यान का अभ्यास करवाया गया।दूसरे सत्र में स्वयंसेविकाओं ने महाविद्यालय के आसपास के परिसर में साफ सफाई कर श्रमदान किया। तीसरे सत्र में जिला ताइक्वांडों एकेडमी के प्रशिक्षक श्री अनिल कुमार द्वारा आत्मरक्षा हेतु स्वयंसेविकाओं को ताइक्वांडों का प्रशिक्षण दिया गया। चौथे सत्र में काव्य पाठ एवं आशुभाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।

**दिनांक 11.01.2022** शिविर के प्रथम सत्र में स्वयंसेविकाओं को योग एवं ध्यान का अभ्यास कराया गया।दूसरे सत्र में जिला निर्वाचन अधिकारी कार्यालय के सहयोग से स्वीप कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें स्वीप के सहायक नोडल अधिकारी श्री रविन्द्र श्रीवास्तव ने भारत सरकार के स्वीप कार्यक्रम के बारे में स्वयंसेविकाओं कोजानकारी दी। इस अवसर पर महाविद्यालय की प्राचार्यडॉ. अनिताकोठारी ने छात्राओं से मतदाता के अधिकारों एवं मतदाताओं को जागरूक रहने के लिये प्रोत्साहित किया। शिविर के तीसरे सत्र में स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना में गोद लिये गये गाँव में श्रमदान किया। चौथ सत्र में काव्य पाठ प्रतियोगिता आयोजित की गई।

**दिनांक 12.01.2022** को छठें दिन कार्यक्रम के आरम्भ में आजादी के अमृत महोत्सव के तहत स्वामी विवेकानन्द जयन्ती के उपलक्ष में राष्ट्रीय युवा दिवस मनाया गया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने इस अवसर पर सभी स्वयंसेविकाओं को स्वामी विवेकानन्द जी के जीवन से प्रेरणा लेकर आगे बढ़ते रहने का संदेश दिया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में सिद्ध योग पीठ कोटा के सदगुरू श्री रामलाल जी सियाग के मार्गदर्शन में योग एवं ध्यान का अभ्यास करवाया गया।दूसरे सत्र में कार्यक्रम अधिकारी श्री विकास जांगिड ने स्वयंसेविकाओं को कैरियर सम्बन्धी मार्गदर्शन प्रदान किये एवं उनकी जिज्ञासाओं का समाधान किया। शिविर के तीसरे सत्र में स्वयंसेविकाओं ने राष्ट्रीय सेवा योजना में गोद लिये गये गाँव में श्रमदान किया।चौथे सत्र में अर्न्तराष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित कोटा के मनोचिकित्सक डॉ. एम.एल. अग्रवाल ने मानसिक स्वास्थ्य पर अपने उद्बोधन में बताया कि कोविड काल के कठिन दौर में हम किस प्रकार मानसिक स्वास्थ्य को बेहतर व मजबूत बना सकते हैं।इसी के साथ देशभक्ति आधारित एकल गायन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सम्पूर्ण कार्यक्रम में कोरोना गाईडलाईन का पूर्णतः पालन किया गया।

**दिनांक 13.01.2022** जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय कोटा में राष्ट्रीय सेवा योजना की दोनों इकाईयों के संयुक्त तत्वावधान में राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर का ''सामुदायिकसेवा, सर्वोपरिसेवा'' आधारित थीम पर समापन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि स्काउट गाईड के नोडल अधिकारी एवं चाईल्ड हैल्पलाईन के निदेशक श्री यज्ञदत्तहाड़ा ने अपने उद्बोधन में राष्ट्रीय सेवा योजना की स्वयंसेविकाओं को महापुरूषों के जीवन से प्रेरणा लेकर उसे जीवन में उतारने के लिये प्रेरित किया। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ. अनिता कोठारी ने इस अवसर पर सभी स्वयंसेविकाओं को अध्ययन के साथ–साथ ''सामुदायिकसेवा, सर्वोपरिसेवा'' को आत्मसात करने के लिये प्रोत्साहित किया। राष्ट्रीय सेवा योजना की प्रथम इकाई से सुश्री पूजाराठौड़ एवं द्वितीय इकाई से सुश्री सिद्धि जैन को सर्वश्रेष्ठ स्वयंसेविका का पुरस्कार प्रदान किया गया। साथ ही विशेष शिविर के दौरान आयोजित की गई रंगोली, आशुभाषण, गायन, नृत्य एवं पोस्टर प्रतियोगिता के विजेता प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। कार्यक्रम के समापन समारोह पर स्वयंसेविकाओं द्वारा सात दिवसीय विशेष शिविर में किये गये कार्यों पर फीडबैक दिया।


अभिनन्दन करती है
कोटा




राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या
राष्ट्रीय सेवा
सात दिवसीय


राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME




राजकीय जानकी देवी बजाज कन्या
राष्ट्रीय सेवा
सात दिवसीय शिविर


राष्ट्रीय सेवा योजना


राष्ट्रीय सेवा योजना
NATIONAL SERVICE SCHEME




राजकीय वाणिज्य कन्या महाविद्यालय
कोटा
सात दिवसीय विशेष शिविर
राष्ट्रीय सेवा योजना






WELCOME


realme Shot by AK




SAVE GIRL CHILD

**Janki Devi Bajaj Government Girls College, Kota**

**Date : 20-01-2022**

6667

# NOTICE

All PG students are informed hereby to prepare research papers in Times New Roman (A4 Size Paper) 12 font size 12 for matter and 14 font size (Bold) for Table with 1.5 Line spacing. All students will submit their research Papers to their Incharges of respective departments in 3 days.

20/01/2022

**Principal**

प्राचार्य
जा.दे.ब.राजकीय कन्या महाविद्यालय,
कोटा

# Janki Devi Bajaj Government Girls College, Kota

7658 (1)

**Date : 15-07-2022**

## NOTICE

All Students of M.Sc. are informed hereby that defaulter/ Improvement fee of Rs. 250 per Paper will be changed from student if the remain absent or fails or wants to improve the internal Assessment . All faculty Please submit application of such candidates to the Incharges of respective departments within 7 days of exam.

**Principal**

प्राचार्य
जा.दे.ब.राजकीय कन्या महाविद्यालय,
कोटा

# Janki Devi Bajaj Govt Girls College Kota
# Report 2021-22



**MS.PREETI BAIRWA**
**NCC INCHARGE (ARMY WING)**

महा वद्यालय में सत्र 2020-21 एनसीसी (आर्मी वंग) में 19 cadets का चयन कया गया-






सत्र 2021-22 में NCC (ARMY WING ) की कैडेट्स के द्वारा निम्न गति व धयाँ की गई –

**Plantation -** Combined activity of NCC, NSS, Scout and YDC of plantation on 30 July 2021.










**Independence Day Activities – Poetry Competition on importance of minimizing pollution and forest conservation-clean India, Green India held on 10 Aug 2021.**







**Plantation on 15 Aug 2021 on the occasion of Independence Day**









**Activities on the occasion of 150 Mahatma Gandhi Jayanti and 75 Independence Day-** **on the above occasion celebrate "Sadbhavna Shapatha" from 20- 26 August 2021.Under this following activities were done-**

1. **Poster competition ( theme- nashamukti ) on 20 Aug 2021**















2. **Solo song (Theme- Desh Bhakti and Rajasthani ) on 21 Aug 2021**





3. **Bhajan Gandhi bhajan**



4. **One day atma suddhi fast**
5. **Social work**

<u>समाज कल्याण सप्ताह  दिनांक  **1**  अक्टूबर **2021**  से **7**  अक्टूबर **2021**</u>

सामाजिक न्याय एवं अ धकारिता वभागराजस्थान सरकार आदेश की अनुपालन में जानकी देवी बजाज कन्यामहा वद्यालय कोटा की एन.एस.एस., एन.सी.सी.तथा सामाजिक न्याय एवं अ धकारिता वभागछात्रवृति स मतिके सयुक्त तातावाधन में दिनांक **1** अक्टूबर **2021** से **7** अक्टूबर **2021** तक समाज कल्याणसप्ताह का आयोजन






कया गया |











**Blood donation on the occasion of Mahatma Gandhi Jayanti 02 oct 2021**







**Ajmer Camp- All India NCC girls trekking Camp at Ajmer –I(Raj-DTE) from 08 Nov to 15 Nov 2021**






## Blood Donation Camp on NCC Day

आज दिनांक 28 नवंबर 2021 को जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महा वद्यालयकोटा में एनसीसी दिवस के उपलक्ष में स्वैच्छिक रक्तदान श वरका आयोजन कयागया। श वर का शुभारंभ महा वद्यालयकी कार्यवाहक प्राचार्य डॉ मधु खन्ना, कमां डंगऑ फसर7 राज गर्ल्स बटा लयनएनसीसी कोटा लेफ्टिनेंट कॉल हेमेंद्र बंसल, मेजर सुबोध सनवाल ने कया

श   वरकी समाप्ति पर 7 राज गर्ल्स बटा   लयनएनसीसी यूनिट की तरफ से एनसीसी कैडेट सैफरन फातिमा अंसारी व कैडेट दीपाली जैन एनसीसी के क्षेत्र में बेहतर योगदान के   लए पुरस्कृत   कयागया एनसीसी प्रभारी सुश्री प्रीति बेरवा ने बताया   कएनसीसी दिवस हर साल नवंबर माह के चौथे र   ववारको मनाया जाता है। रक्तदान   श   वरको संपन्न बनाने में रेड रिबन क्लब प्रभारी डॉक्टर जागृति मीणा, यूथ डेवलपमेंट क्लब प्रभारी डॉ मनीषा शर्मा, एनएसएस प्रभारी श्रीमती अनीता मालव, श्री   वकासजां   गड्व स्काउट गाइड प्रभारी डॉ मौसमी मीणा का सहयोग रहा साथ ही महा   वद्यालयसदस्य, कर्मचारी गण व एनसीसी कैडेट उपस्थित रहे।













**Cadre Camp –** for the  Session 2021-22 Cadre Camp is organized by 7 Raj Girls Bn NCC, Kota for the NCC Cadets   from 03.01.2022 to 09.01.2022.











**Firing practice -** 7 Raj Girls Bn NCC, Kota NCC Cadets were learn **Firing practice** from **14 to 15 jan 2022 at Dadwara Firing range, kota.**





**26** जनवरी **2022** गणतंत्र दिवस के शुभ अवसर पर एनसीसी की छात्राओं ने कार्यक्रम को सफल बनाने में अपना पूर्ण योगदान दिया और एनसीसी का सॉन्ग प्रस्तुत   कया







# Nukkad Natak on Negative effect of drug

दिनांक 22 .02.2022 को जानकीदेवी बजाज राजकीय कन्या महा  वद्यालयकोटा में एन.सी.सी.तथा सामाजिक न्याय एवं अ  धकारिता  वभागछात्रवृतिस मति के सयुक्त तातावाधन में छात्राओं को नशे से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में प्रचार-प्रसार हेतु, सामाजिक न्याय और अ  धकारितामंत्रालय द्वारा 2018 से 2023 तक National action plan for drug demand reduction (NAPDDR) के माध्यम से नशे के प्रचार प्रसार, जन जागरूकता एवं पुनर्वास हेतु 5 वर्ष के   लएचालू की गई योजना के तहत नुक्कड़ नाटक का आयोजन   कयागया|






## आजादी का अमृत महोत्सव के संबंध में एनसीसी की गति  व  धयां

क्षेत्रीय लोक संपर्क ब्यूरो, सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, भारत सरकार कोटा द्वारा आजादी के अमृत महोत्सव पर दिनांक 15 से 17 फरवरी 2022 तीन दिवसीय मल्टीमी  डयाप्रदर्शनी, क्विज प्रतियो  गता ,जनचेतना एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन   कयागया था जिसमें जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महा  वद्यालयकी एनसीसी कैडेट्स को   वजिटकराया गया। इस प्रदर्शनी में कैडेट्स को   व  भन्न सरकारी योजनाएं जैसे जल शक्ति अ  भयान,स्वच्छ भारत अ  भयानआदि के बारे में प्रदर्शनी के माध्यम से जानकारी दी गई





# कैडेट रैंक सेरिमनी

महा  वद्यालयमें दिनांक 28 फरवरी 2022 को कैडेट रैंक सेरिमनी आयोजित की गई जिसमें कैडेट Sawayabhi Maurya  व  कैडेट shefrene Fatima Ansari  को अंडर ऑ   फसरकी रैंक प्रदान की गई तथा कैडेट Yogita Meena  व कैडेट Shivani Kumari Rathore  को सार्जेंट की रैंक प्रदान की गई I इस समारोह में प्राचार्य डॉ अनिता कोठारी,  dean faculty Dr. Pratima Shrivastva डॉ जागृति मीना ,डॉ अनु बंसीवाल व एनसीसी इंचार्ज सुश्री प्रीति बेरवा उपस्थित रहे। प्राचार्य डॉ अनिता कोठारी ने सभी कैडेट्स का उत्साहवर्धन    कया।







Name – Cadet Shivani Kumari Rathore
Class – B.Sc. III rd Year (Bio.)
Mother's Name – Meera devi
Batch – (D2)
Phone no. – 9636177232

Page No.:

यह कविता मेरे द्वारा स्वरचित कविता है। यदि कॉपीराइट से सम्बन्धित कोई विवाद होगा तो स्वयं इसकी जिम्मेदार रहूँगी।

कविता
"हिंदुस्तान"

मर मीटे है हम अपने हिंदुस्तान पे
जो दुश्मन आँख उठाये हमारे हिंदुस्तान पे
करेंगे उसका अंत अपने इस विश्वास से।

धरती हमारी वीरों की है
नाज है अपनी फौज पे
मैं भी एक जाँबाज हूँ
नाज है अपनी कौम पे।

मस्तक पे है विजयी तिलक
हाथ में तिरंगा है कसम
है अपनी माटी की दुश्मन
पे अपना राज है।

मैं हूँ हिंदुस्तान की नाज
है अपनी भूमि पे अंत
करूँगी दुश्मन का देश की
सिपाही हूँ।

......जय हिन्द......

Shivani

# साहित्यिक सांस्कृतिक मंच – 2021–22

17.08.2021 को राष्ट्रपिता महात्मा गांधी जी के 150 वीं जयन्ती वर्ष एवं स्वतन्त्रता दिवस की 75 वीं वर्षगांठ के आयोजन के सम्बन्ध में आयुक्तालय के पत्र 1 जुलाई 2021 एफ–8 (सा.प्रौ.) अकाद/आकाशि/2018/78 के सन्दर्भ में एक निबन्ध प्रतियोगिता "महातमा गांधी और ग्राम स्वराज्य की अवधारणा" विषय पर आयोजित की गई जिसके परिणाम 17.08.2021 को घोषित किये गये। कोविड –19 के नियमानुसार प्रतियोगिता का आयोजन ऑनलाइन मोड पर किया गया इसमें कुल 12 छात्राओं ने भाग लिया। निर्णायक डॉ. मौसमी मीणा, श्री विकास जांगिड़, डॉ. मनीषा कुमारी शर्मा रहे। प्रतियोगिता का संयाजन एवं संचालन डॉ. विनीता कौशिक ने किया। प्रतियोगिता में बी.एससी द्वितीय वर्ष की सुश्री रूनझुन सुमन प्रथम, सुश्री लक्ष्मी मीणा द्वितीय एव ंबी.एससी तृतीय वर्ष की सुश्री शालु पारेता तृतीय स्थान पर रही।




कलाकार डेटाबेस ज.क.के/2021/1399 दिनांक 23.07.21 विकास पंड्या उपनिदेशक पर्यटन,कार्यालय, कोटा के द्वारा प्राप्त पत्र को छात्राओं के हितार्थ वा्टसैप ग्रुप पर प्रेषित किया गया।


14.09.2021 को हिन्दी दिवस के उपलक्ष्य में दो प्रतियोगिताओं का ऑनलाइन माध्यम से आयोजन किया गया जिसका परिणाम 21.09.21 को घोषित किया गया।

स्वरचित कविता लेखन प्रतियोगिता – इसमें कुल 10 छात्राओ ंने भाग लिया। प्रतियोगिता का संचालन डॉ. विनीता कौशिक ने किया।डॉ. फातिमा सुल्ताना, डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ. शुचिता जैन निर्णायक रहे। प्रथम स्थान सुश्री शिवानी कुमारी राठौड़ (बी.एससी तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान विनीाता कुमारी (बी.एससी द्वितीय वर्ष) तथा तृतीय स्थान तीन छात्राओं सुश्री हर्षिता भंडारी, निकिता वैष्णव (बी.एससी द्वितीय वर्ष), पल्लवी कुमारी दुबे (बी.एससी तृतीय वर्ष) ने प्राप्त किया।

स्लोगन लेखन प्रतियोगिता – अंतिमा कुमारी वर्मा (बी.एससी तृतीय वर्ष) प्रथम स्थान पर रही शिवानी कुमारी राठौर (बी.एससी तृतीय वर्ष) द्वितीय स्थान पर रहीं तथा शालिनि दाधीच( एम.एससी. उ.रसायन शास्त्र) तृतीय स्थान पर रहीं। डॉ. विजय देवड़ा, डॉ. अल्पना जौहरी. , सुश्री प्रीति बैरवा निर्णायक रहे तथा प्रतियोगिता का संचालन डॉ. विनीता कौशिक ने किया।






2.10.2021 को "महात्मा गांधी अतीत ही नहीं भविष्य भी" विषय पर निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक प.8 (सा.प्र.) अकाद/आकाशि/2018/117/दिनांक 2.09.2021 की अनुपालना में भारत की स्वतन्त्रता की वर्षगांठ के अन्तर्गत किया गया। इसमें कुल 7 छात्राओं ने भाग लिया। प्रतियोगिता का संयोजन एवं संचालन ऑनलाइन मोड पर डॉ. विनीता कौशिक द्वारा किया गया। डॉ. अन्नु बंशीवाल, डॉ. निमिष कुमार आर्य, डॉ. पूनम जायसवाल निर्णायक रहें। सुश्री रूनझुन सुमन (बी.एससी द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, शिवानी कुमारी राठौर (बी.एससी तृतीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान एवं लक्ष्मी मीणा (बी.एससी द्वितीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

2.10.2021 को ही ऑनलाइन माध्यम से एक और निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. विनीता कौशिक के संयोजन में किया गया जिसका विषय "भारत की आजादी में गांधी जी की भूमिका" था। प्रथम स्थान पर शिवानी कुमारी राठौर (बी.एससी तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान पर सृष्टि वर्मा (बी.एससी द्वितीय वर्ष) एवं तृतीय स्थान पर पल्लवी कुमारी (बी.एससी तृतीय वर्ष) तथा मुस्कान (बी.एससी द्वितीय वर्ष) रहे। कुल 7 छात्राओं ने इस निबन्ध प्रतियोगिता में भाग लिया। श्रीमती अनिता मालव, सुश्री प्रीति बैरवा और राखी मेठी निर्णायक रहे।

आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक प.8 (सा.प्र.) अकाद/आकाशि/2018/129/दिनांक 21.09.2021 तथा संशोधित पत्र क्रमांक प.8(सा.प्र.)अकाद/आकाशि/2018/130 के अन्तर्गत निम्नलिखित प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया।

5.10.2021 को डॉ. संगीता सिंह के संयोजन में ऑनलाइन मोड पर आयोजित इस प्रतियोगिता में कुल 7 छात्राओं ने भाग लिया। भाषण का विषय "गांधी,नेहरू एवं अम्बेडकर का दृष्टिकोण" में छायापाल (बी.एससी तृतीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, अमृता गौड़ (बी.एससी द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान एवं नीतु धाकड़ (बी.एससी तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। डॉ. पूनम जायसवाल एवं श्रीमती अनिता मालव निर्णायक रहे।

विडियो क्लिप

22.10.2021 को डॉ. संगीता सिंह के संयोजन में ऑनलाइन मोड पर भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसका विषय "आजादी के आन्दोलन में शहीदों का योगदान" में प्रथम स्थान पर अमृता गौड़ (बी.एससी द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान पर महक गुप्ता (बी.एससी द्वितीय वर्ष) एवं तृतीय स्थान पर नीतु धाकड़ (बी.एससी तृतीय वर्ष) रहे। कुल 7 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ. मौसमी मीणा एवं डॉ. जयश्री डाबरे निर्णायक रहे।

## विडियो क्लिप

25.10.21 डॉ. सरस्वती अग्रवाल के संयोजन में "भारतीय स्वाधीनता आन्दोलन(1857से 1947)" विषय पर लिखित क्विज प्रतियोगिता का आयोजन हुआ। इसमें कुल 55 छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. रेणु त्यागी ने क्विज के जांच का कार्य किया। कक्ष संख्या 60 में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। सुश्री भारतीय ओझा (बी.एससी तृतीय वर्ष) प्रथम स्थान पर रहीं, द्वितीय स्थान पर आरती वर्मा (बी.एससी तृतीय वर्ष) रहीं तथा तृतीय स्थान पर अंकिता मीणा एवं खुशी अग्रवाल (बी.एससी तृतीय वर्ष) रहीं।

25.10.2021 को ही मुख्य पोर्च में छात्राओं द्वारा जन उत्सव सप्ताह के दौरान राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पण्डित जवाहर लाल नेहरू, मौलाना आजाद, सरदार वल्लभ भाई पटेल, सुभाष चन्द्र बोस, भगतसिंह, डॉ. भीमराव अम्बेडकर आदि से जुड़े विषयों पर पोस्टर प्रदर्शनी में कुल 20 छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. सरस्वती अग्रवाल के संयोजन में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई। डॉ. विजय देवड़ा, डॉ. मनीषा शर्मा, डॉ. अल्पना जौहरी निर्णायक रहे।

पोस्टर प्रतियोगिता में प्रथम स्थान पर पिंकी सिंह (एम.एससी उ.रसायन शास्त्र), द्वितीय स्थान पर मधु यादव (एम.एससी उ.रसायन शास्त्र) एवं तृतीय स्थान पर तुलसी वर्मा तथा इशिका नामा (बी. एससी तृतीय वर्ष) रहे।



पोस्टर प्रदर्शनी

25.10.2021 को कक्ष संख्या 60 में ही एक निबन्ध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन डॉ. विनीता कौशिक के संयोजन में किया गया। जिसका विषय "स्वाधीनता आन्दोलन की विरासत, उससे उपजे मूल्य और हमारा संविधान" में कुल 10 छात्राओं ने भाग लिया। डॉ. रेखा कालानी, डॉ. मौसमी मीणा, डॉ. जयश्री डाबरे निर्णायक रहे। सुश्री राजश्री मेघवाल (बी.एससी द्वितीय वर्ष) ने प्रथम स्थान, सुश्री श्रुति गौतम (बी.एससी द्वितीय वर्ष) ने द्वितीय स्थान तथा शिवानी कुमारी राठौर (बी.एससी तृतीय वर्ष) ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

26.11.2021 "संविधान दिवस पर आयुक्तालय कॉलेज शिक्षा राजस्थान, जयपुर के पत्र क्रमांक एफ.–24( विविध) शि प्र/ अकाद/आकाशि/2019/149 तथा भारत सरकार के पत्र क्रंमाक 19022/16/2016 एससीडी–6 दिनांक 15 नवम्बर 2016 एवं राजस्थान सरकार, कार्यालय डॉ. भीमराव अम्बेडकर पीठ–क्र.FIO अ.पी.ज.शोध/2020–21/319 दिनांक 9.11.2021।

उक्त पत्रों के आदेशानुसार दिनांक 26.11.2021 को कक्ष संख्या 60 में "डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं भारतीय अर्थव्यवस्था" विषय पर निबन्ध प्रतियोगिता का आयोजन दोपहर 12.00 बजे से 2.00 बजे तक किया गया जिसमें कुल 24 छात्राओं ने भाग लिया। महाविद्यालय से 10 पृष्ठ की कॉपी तथा अम्बेडकर पीठ के लिंक से प्राप्त मुख पृष्ठ लगाकर तथा छात्राओं की उपस्थिति हस्ताक्षर के साथ कार्यवाहक प्राचार्य श्रीमती मधु खन्ना के हस्ताक्षर से कवरिंग लेटर पर डिस्पेच नम्बर 6513/26.11.2021 भीमराव अम्बेडकर पीठ मुंडला जयपुर को कुल 24 छात्राओं के निबन्ध भेजे गये। डॉ. सरस्वती अग्रवाल एवं श्रीमती रचना भार्गव वीक्षक रहे।

साहित्यिक सांस्कृतिक मंच प्रभारी डॉ. विनीता कौशिक, राष्ट्रीय सेवा योजना प्रभारी श्रीमती अनिता मालव एवं एनसीसी प्रभारी सुश्री प्रीति बैरवा के संयुक्त तत्वावधान में निबन्ध प्रतियोगिता का संचालन डॉ. विनीता कौशिक ने किया।











## जेडीबी में निबंध प्रतियोगिता

**संदेश न्यूज। कोटा.** संविधान दिवस पर जानकी देवी बजाज राजकीय कन्या महाविद्यालय में साहित्यिक सांस्कृतिक समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एनसीसी के संयुक्त तत्वावधान में डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं भारतीय अर्थव्यवस्था विषय पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। डॉ. भीमराव अम्बेडकर फाउण्डेशन जयपुर द्वारा जिला एवं राज्य स्तरीय इस प्रतियोगिता में 24 छात्राओं ने लिंक पर रजिस्ट्रेशन कर निबन्ध लेखन में भाग लिया। कार्यवाहक प्राचार्य मधु खन्ना ने सभी संकाय सदस्यों एवं छात्राओं की उपस्थिति में संविधान दिवस की शपथ दिलवाई गई। प्रतियोगिता प्रभारी डॉ.विनीता कौशिक, अनिता मालव, प्रीति बैरवा ने प्रतियोगिता का संचालन किया तथा डॉ. सरस्वती अग्रवाल एवं रचना भार्गव प्रतियोगिता के वीक्षक रहे।

अवसर
डॉ.संजय
दिलवाई।
पारीक,
अमिताभ
श्रीवास्तव
शर्मा, डॉ.
दुबे, डॉ.
रसूल ख
डॉ.रामाव
सहभागित
राजकी
महाविद्या
उपलक्ष्य
राष्ट्रीय से
गाइड के
कार्यक्रम
कार्यक्रम
डॉ.कंचना
ने छात्राअ
के महत्व
अपने अ
के प्रति

## समीक्षात्मक रूप से व्याख्या की



▪ जेडीबी साइंस कॉलेज में साहित्यिक सांस्कृतिक समिति, राष्ट्रीय सेवा योजना तथा एनसीसी द्वारा डॉ. भीमराव अम्बेडकर एवं भारतीय अर्थव्यवस्था विषय पर निबंध प्रतियोगिता की। कार्यवाहक प्रिंसिपल मधु खन्ना ने संकाय सदस्यों, छात्राओं को संविधान दिवस की शपथ दिलवाई गई। प्रतियोगिता प्रभारी डॉ. विनीता कौशिक, अनिता मालव, प्रीति बैरवा ने प्रतियोगिता का संचालन किया।

# महिला प्रकोष्ठ – 2021–22

25.11.2021 को "महिला हिंसा उन्मूलन दिवस" के अवसर पर डॉ. विनीता कौशिक ने आशु भाषण प्रतियोगिता का संयोजन व संचालन किया। आशु भाषण प्रतियोगिता के विषय निम्न प्रकार रहे–

1. महिलाओं पर हिंसा के कारण
2. घरेलू हिंसा
3. बेटों को, भाईयों को कैसे संवेदनशील बनाएँ
4. घर के बेटे या भाई को किस प्रकार चरित्रवान व अहिंसक बनाएं।
5. टीन एज में लड़कियों की समस्याएँ
6. निर्भया काण्ड से बचाव के उपाय।
7. सामाजिक स्तर पर महिला हिंसा।
8. आर्थिक स्तर पर महिला हिंसा
9. 2030 तक विश्व से महिला हिंसा उन्मूलन सम्भव है।
10. कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न के प्रकार
11. घरेलू हिंसा की रिपोर्ट और कानूनी अधिकार
12. कार्यस्थल पर महिला हिंसा उन्मूलन के नियम

उक्त विषयों पर कुल 11 छात्राओं ने भाग लिया। कक्ष संख्या 60 में इस प्रतियोगिता के निर्णायक डॉ. प्रतिमा श्रीवास्तव, डॉ. रेणु त्यागी, डॉ. जागृति मीणा रहीं। मेंहदी तथा रंगोली की समस्त छात्राओं के साथ अन्य अध्ययनरत छात्राएँ उपस्थित रहीं। राष्ट्रीय सेवा योजना के संयुक्त तत्वावधान में प्रथम स्थान पर सैयद अक्शा (बी.एससी द्वितीय वर्ष), द्वितीय स्थान पर तान्या कुमारी (बी.एससी द्वितीय वर्ष) एवं तृतीय स्थान पर नव्या भंडारी (बी.एससी तृतीय वर्ष) रहीं।



महिला हिंसा उन्मूलन दिवस पर आशुभाषण प्रतियोगिता में बोलती हुई छात्राएं

25.11.2021 मेंहदी प्रतियोगिता–मेंहदी प्रतियोगिता का संयोजन एवं संचालन डॉ. विनीता कौशिक एवं डॉ. रेखा कालानी ने किया। मेंहदी प्रतियोगिता में कुल 19 छात्राओ ने भाग लिया। डॉ. आरती शाह, डॉ. मौसमी मीणा तथा श्रीमती अनिता मालव निर्णायक रहे। प्रथम स्थन पर शिवानी जांगिड़ (एम.एससी प्राणीशास्त्र), द्वितीय स्थान पर मुस्कान गुंजन (बी.एससी प्रथम वर्ष) एवं तृतीय स्थान पर कौशर बी (बी.एससी द्वितीय वर्ष) रहीं।








मेंहदी प्रतियोगिता में मेंहदी लगाती छात्राएं

25.11.2021 रंगोली प्रतियोगिता – रंगोली प्रतियोगिता का संयोजन एवं संचालन डॉ. विनीता कौशिक एवं डॉ. रेखा कालानी ने किया। कुल 14 छात्राओं ने इस प्रतियोगिता में भाग लिया। डॉ. फातिमा सुल्ताना,डॉ. शुचिता जैन एवं डॉ. सरस्वती अग्रवाल निर्णायक रहीं। प्रथम स्थान पर सुश्री नव्या भंडारी (बी.एससी तृतीय वर्ष), द्वितीय स्थान पर मानसी यादव (बी.एससी तृतीय वर्ष) एवं तृतीय स्थान पर शालु बड़गुर्जर (एम.एससी उ. प्राणीशास्त्र) रहीं।





